## एक नजर में

### स्कूलों में की जा रही है गणेश वंदना

**पडाना 03 सितम्बर, सं.** गणेश चतुर्थी के पावन पर्व पर नगर और आसपास के ग्रामीण अंचलों में गणेश पंडालों पर मनमोहक झांकियों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है. आयोजक समिति के सदस्यों द्वारा महा आरती की जा रही है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग ले रहे हैं. इसी के चलते स्कूलों में भी रिद्धि सिद्धि के दाता एवं बुद्धि के विधाता श्री गणेश जी की पूजा वंदना एवं आरती की जा रही है, जिसमे संदीपनी स्कूली छात्र–छात्राएं भाग ले रहे हैं. गणेश चतुर्थी के इस पावन अवसर पर लोग गणपति बप्पा की भक्ति में ली है और उनकी कृपा की कामना कर रहे हैं.

### कटे होंठ की विकृति से जूझ रहे ऋतिक को मिली नई मुस्कान

**राजगढ़ 03 सितम्बर, का.** राजगढ़ जिले के तहसील खिलचीपुर ग्राम दूधाहेड़ी निवासी 6 माह का मासूम ऋतिक, पिता महेश जन्म से ही कटे होठों की जन्मजात विकृति से पीडित था. इस विकृति के कारण न केवल उसके पोषण और स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा था, बल्कि उसके परिवार पर मानसिक तनाव और चिंता की गहरी छाया भी थी. इस चुनौतीपूर्ण परिस्थिति में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत डॉ. मोहित नागर एवं उनकी टीम द्वारा ऋतिक की पहचान की गई एवं आंगनवाड़ी केंद्र पर समुचित जांच की गई. तत्पश्चात सर्जरी हेतु बहु–स्तरीय प्रयास प्रारंभ किए गए. बच्चे के वजन की सतत मॉनिटरिंग और स्वास्थ्य की कड़ी निगरानी सुनिश्चित की

# सफाई में अव्वल नगर घिरा कचरे, गंदगी से

## कारण : नगर परिषद के सफाई कर्मचारियों ने की हड़ताल क्योंकि समय पर नहीं मिलता वेतन

**सड़क, घर–दुकानों में लगा कचरे का अम्बार**

**सुठालिया में दूसरे दिन शाम तक रही हड़ताल, कचरा गाड़ी भी नहीं चलने से परेशानी और बढ़ी**



नवभारत न्यूज

**सुठालिया/ब्यावरा 03 सितंबर, सं. नगर परिषद सुठालिया में पदस्थ सफाई कर्मचारियों के द्वारा समय पर वेतन नहीं मिलने सहित अन्य समस्याओं को लेकर कामकाज बंद कर की जा रही हडताल दूसरे दिन बुधवार शाम तक जारी रही.**

गौरतलब है कि सुठालिया नगर परिषद में पदस्थ सफाई कर्मचारी 2 सिंतबर से कामकाज बंद कर हड़ताल पर चले गये. हड़ताल होते ही सफाई व्यवस्था ठप्प हो गई. नगर परिषद की खस्ता वित्तीय हालात के चलते समय पर वेतन नहीं मिलने तथा 11 माह से एरियर अटका होने के चलते मंगलवार से नगर परिषद के स्थाई एवं अस्थाई सफाई कर्मचारियों ने कामकाज बंद कर हड़ताल शुरु कर दी थी. बुधवार की शाम तक हड़ताल जारी थी.

### नालियों का मलबा भी पड़ा

हड़ताल के एक दिन पूर्व नालियों की सफाई कर मलबा निकाला था जो जस का तस सड़क पर ही पड़ा रहने से रहवासियों, आने–जाने वालों को बहुत ही कठिनाईयों का सामना करना पड़ा. बारिश होने पर यह पानी के साथ समूचे मार्ग पर फैल गया इससे दिक्कते और बढ़ गई. मेन मार्केट में कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल के सामने नाली तथा पुरानी कन्या शाला से लेकर गांधी चौक तक नालियों का मलबा सड़क पर पड़ा रहने से काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है. कचरा गाड़ी नहीं आने से घर, दुकानों का कचरा भी भरा रखा है.

### शाम को हुई हड़ताल समाप्त

नगर परिषद एवं कर्मचारियों के बीच बातचीत के बाद सामंजस्य बनने पर बुधवार की शाम को हड़ताल समाप्त कर दी गई, इसके बाद कर्मचारियों द्वारा सफाई कार्य शुरु कर दिया गया.

### समय पर वेतन नहीं मिलता

कर्मचारियों का कहना है कि समय पर वेतन नहीं मिलना सबसे बड़ी समस्या है. माह में 20 से 25 तारीख के बीच वेतन मिल पाता है. वहीं प्रत्येक कर्मचारी का 16000 रुपये के लगभग 11 माह से एरियर अटका हुआ है. उल्लेखनीय है कि पूर्व में भी कर्मचारियों द्वारा अपनी समस्या एवं मांगों को लेकर हड़ताल की जा चुकी है.

### राशि कम, वेतन बंटता दोगुना

विशेष बात यह है कि शासन द्वारा नगर परिषद सुठालिया को क्षतिपूर्ति के रुप में प्रति माह जो चुंगीकर राशि दी जाती है वह 10 लाख रुपये है, जबकि यहां कर्मचारियों का जो वेतन बटता है वह 28 लाख से अधिक है. इस तरह शासन द्वारा दी जाने वाली राशि के दोगुना से अधिक राशि वेतन के रुप में बटती है. नगर परिषद में लगभग 175 कर्मचारी है, इनमें 78 सफाई कर्मचारी है. 21 सफाई कर्मचारी स्थाई एवं विनीमितिकरण वाले है, जबकि शेष अस्थाई कर्मचारी है. सभी के द्वारा हड़ताल की गई.

# सरपंच, सचिव को रिश्वत देने के बाद भी नहीं मिला पीएम आवास

नवभारत न्यूज

**सारंगपुर 03 सितम्बर, सं.** केंद्र और राज्य की सरकारों के द्वारा जन कल्याणकारी योजना चलाकर जन हितैषी कार्य किया जा रहा है लेकिन इसमें भी साठ गांठ की शिकायतें लगातार सामने आ रही है. मामला सारंगपुर जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाली लीमा चौहान पंचायत का मामला सामने आया है. जिसमें पंचायत सचिव और सरपंच पर रिश्वतखोरी के गंभीर आरोप लगाए गए हैं इतना ही नहीं रुपए देते हुए का वीडियो भी हितग्राही ने बनाया है पर लाभ नहीं मन मिलने के कारण मामला उजागर हुआ अगर हितग्राही को समय पर लाभ मिल जाता तो शायद यह भ्रष्टाचार सामने नहीं आता.

**जनपद पंचायत सीईओ से की शिकायत–** जिसमें हितकारी ने ग्राम पंचायत लीगाचौहान के सरपंच सचिव, के द्वारा आवास योजना एवं बलराम खेत तालाब योजना में रिश्वत लेने का आरोप लगाते हुवे बताया कि सरपंच सचिव दोनों के द्वारा मुझे दी गई अवधि समाप्त हो चुकी है और रूपये दिये हुए आज 7 महिना हो चुके है. मुझ प्रार्थी के द्वारा सरपच एंव सचिव से मेरी प्रधानमंत्री आवास व बलराम तालाब योजना के बारे में कहता हूं तो मुझ प्रार्थी को टाल देते है. और मैं प्रार्थी ग्राम पंचायत सचिव के पास फोन लगाता हूं तो सचिव के द्वारा मुझ प्रार्थी के नंबर ब्लैक लिस्ट में डाल दिये हैं. आरोप लगाया कि सरंपच एव सचिव दोनों के द्वारा मुझे धमकियां दी जा रही है. हितग्राही ने बताया कि मुझसे 10 हजार रूपयो की मांग की,जिस पर मेरे मकान निर्माण के लिये एसके फायनेंस से लोन करवाया था. उसमें से 10 हजार रुपये पंचायत सचिव को सांवरिया ऑटोडील अकोदिया रोड सारगंपुर में दिनांक 08 अगस्त को दिये.

उसके बाद ग्राम पंचायत सचिव द्वारा 3 महीने के भीतर मुझे प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने का आश्वासन दिया. उसके बाद ग्राम पंचायत सचिव नंदकिशोर गुर्जर से मेरी आवास के बारे में पूछा तो ग्राम पंचायत सचिव के द्वारा मुझ प्रार्थी को दूसरी योजना का लाभ बताया बलराम खेत तालाब योजना के बारे में कहा उसमें सचिव के द्वारा साठ हजार रूपयों सरंपच एवं मंत्री को देने के बारे में कहा तो मुझ प्रार्थी के द्वारा मुझे जो होम लोन के लिये लोन की राशी प्राप्त हुई थी. उसी में से ग्राम पंचायत में सरंपच धनश्याम मालवीय के हाथ में 50 हजार रूपयो की नगद राशी दिये जिसका वीडीयो हितग्राही के पास में सुरक्षित है. दोनो के द्वारा मुझे प्रधान मंत्री आवास व बलराम तालाब दोनो योजना का एक साथ देने का आश्वासन दिया गया. दीपक लववंशी पित्ता करणसिंह लववंशी जाति लोधा लीमाचौहान ने अधिकारियों से न्याय दिलाने की गुहार लगाई है.

# पचोर को नगर पालिका बनाने सौंपेंगे मांग–पत्र

## पचोर को मिल सकता है नया बस स्टैण्ड

नवभारत न्यूज

**पचोर 03 सितम्बर, सं. नगरीय विकास एवं आवास संसदीय कार्य विभाग मंत्री कैलाश विजयवर्गीय आज पचोर भ्रमण पर आयेंगे एवं स्थानीय कार्यक्रम में भाग लेगें व नगर पालिका पचोर में विभिन्न विकास कार्यो का लोकार्पण व भूमिपूजन करेंगे.**



नगर परिषद अध्यक्ष विकास करोड़िया ने बताया कि मंत्री श्री विजयवर्गीय के समक्ष पचोर को नगर परिषद से नगर पालिका का दर्जा देने, नए प्रस्तावित आधुनिक बस स्टेण्ड की स्वीकृति और मां दयालु मंदिर पर पार्क के सौंदर्यीकरण के लिए मांग रखी जाएगी. शहर में बस स्टेण्ड की बहुत आवश्यकता है. वर्तमान बस स्टेण्ड शहर के बीच है और काफी छोटा पड़ने लगा है. इसके अलावा रेल्वे स्टेशन के सामने भूमि आवंटित है, उस पर नया बस स्टेण्ड आधुनिक सुविधाओं के साथ बनाया जा सकता है.

नगरीय विकास एवं आवास संसदीय कार्य विभाग मंत्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा पचोर में कार्यालय भवन जिसकी अनुमानित लागत 252.30 लाख रुपए, वार्ड 08 में सी सी रोड़ एवं नाली निर्माण जिसकी अनुमानित लागत 203.78 लाख रूपए, वार्ड 10, 11,12 में सी सी रोड़ एवं नाली निर्माण कार्य जिसकी अनुमानित लागत 170.45 लाख रूपए, वार्ड 06, 07 एवं 14 में मण्डी गेट से आरा मशीन जिसकी अनुमानित लागत 61.21 लाख रूपए, वार्ड 03, 04, 06 एवं 15 में सी सी रोड़, नाली, बाउण्ड्रीवाल जिसकी अनुमानित लागत 223.10 लाख रूपए, वार्ड 14 मांगलिक भवन जिसकी अनुमानित लागत 40.04 लाख रूपए, माँ दयालू और बड़ा मंदिर सांसद निधि सामुदायिक भवन अनुमानित लागत 26.22 लाख रूपए, शिवालय मंदिर फर्स अनुमानित लागत 33.24 लाख रुपए, वार्ड 13 में सी सी रोड निर्माण अनुमानित लागत 31.35 लाख रूपए, वार्ड 02 में श्रमिक शेड निर्माण कार्य अनुमानित लागत 37.62 लाख रुपए, वार्ड 05 में सी सी रोड़ निर्माण अनुमानित लागत 117.58 लाख रूपए एवं नगर में सुरक्षा व्यवस्था हेतु सी सी टी वी कैमरा स्थापना अनुमानित लागत 77 लाख रुपए है. जिसकी अनुमानित कुल लागत 1273.89 लाख रुपए है.

साथ ही नगरीय विकास एवं आवास संसदीय कार्य विभाग मंत्री कैलाश विजयवर्गीय वार्ड 01 बिलापुरा में देवनारायण मंदिर के पास सामुदायिक भवन, अनुमानित लागत 25.30 लाख रुपए, वार्ड 09 कंजरपुरा में डामरीकरण एवं सी सी रोड़ निर्माण अनुमानित लागत 168.63 लाख रुपए, वार्ड 06 हनुमान मंदिर पैव्हर ब्लाक निर्माण अनुमानित लागत 10.64 लाख रुपए, वार्ड 06 विधायक निधि से हनुमान मंदिर के पास सामुदायिक भवन निर्माण अनुमानित लागत 5 लाख रुपए, अटल पथ छोटा पुल से भोजपुरिया तक डिवाईडर निर्माण अनुमानित लागत 27.48 लाख रुपए तथा वार्ड 09 शुजालपुर नाका के पास मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक निर्माण अनुमानित लागत 25 लाख रुपए के विभिन्न कार्यों का शिलालेख लोकार्पण भी करेंगे. जिसकी अनुमानित कुल लागत 262.05 लाख रुपए है.


